मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-83
07/03/2022

मुख्यमंत्री ने बिहार विधान मंडल के स्वागत कक्ष का किया उद्घाटन

पटना, 07 मार्च 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार विधान मंडल के नवनिर्मित स्वागत कक्ष का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

उद्घाटन के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस स्वागत कक्ष का उद्घाटन किया गया है और इसे हमलोग देखने भी आए हैं। यहां सभी लोग आकर बैठेंगे और यहां की सुविधा का लाभ उठायेंगे।

इस अवसर पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, शिक्षा मंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******